# -:प्रेस नोट:-

## दिनांक- 03.07.2025

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **बांदा साइबर पुलिस टीम द्वारा विभिन्न माध्यमों से धोखाधड़ी/गलत ट्रांजेक्शन का शिकार होने वाले 08 पीड़ितों के खाते में कुल 10 लाख 69 हजार 250 रुपये कराये गये वापस।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में साइबर क्राइम पुलिस थाना व थाना तिन्दवारी पुलिस टीम द्वारा विभिन्न माध्यमों से साइबर धोखाधड़ी/गलत ट्रांजेक्शन का शिकार होने वाले 08 पीड़ितों के खाते में कुल 10 लाख 69 हजार 250 रुपये वापस कराये गये। गौरतलब हो कि विभिन्न मामलों में साइबर ठगी/गलत ट्रांजेक्शन का शिकार हुए व्यक्तियों के राशियों को वापस कराये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा सभी थानों को निर्देशित किया गया था। जिसके सम्बन्ध मे 1-थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के कालूकुआं के रहने वाले सुमित कुमार गुप्ता के साथ साइबर ठगो द्वारा शेयर बाजार में भारी मुनाफा(ट्रेंडिंग) का लालच देकर 08 लाख 10 हजार रुपए की ठगी करने, 2-जनपद रायबरेली (हाल पता रेलवे स्टेशन के पास शहर बांदा) के रहने वाले दिनेश कुमार के साथ साइबर ठगो द्वारा शेयर बाजार में भारी मुनाफा(ट्रेंडिंग) का लालच देकर 83,270/ रुपए की ठगी करने, 3-थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के लुकतरा के रहने वाले शांताप्रसाद के साथ साइबर ठगो द्वारा धोखे से आवेदक के बैंक खाते की जानकारी प्राप्त कर 54,998/ रुपए की ठगी करने, 4- थाना कमासिन क्षेत्र के ममसी खुर्द के रहने वाले उमाशंकर यादव के साथ साइबर ठगो द्वारा धोखे से आवेदक के बैंक खाते की जानकारी प्राप्त कर 15,874/ रुपए की ठगी करने, 5- थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के पडुई के रहने वाले विनोद कुमार के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखे से सिम बदलकर 6,800/ रुपए की ठगी करने, 6- थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के क्योटरा के रहने वाले तनय कुमार सिंह का ऑनलाइन यूपीआई के माध्यम से 29,000/ रुपये गलत ट्रांजेक्शन हो जाने के सम्बन्ध में, 7- थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के छिपटहरी के रहने वाले फिरोज खान का ऑनलाइन यूपीआई के माध्यम से 50,000/ रुपये गलत ट्रांजेक्शन हो जाने के सम्बन्ध में शिकायत साइबर क्राइम पुलिस थाना को प्राप्त हुए थे तथा 8- थाना तिन्दवारी क्षेत्र के ग्राम सेमरी के रहने वाले रघुनाथ का ऑनलाइन यूपीआई के माध्यम से 19308/ रुपये गलत ट्रांजेक्शन हो जाने के सम्बन्ध में थाना तिंदवारी शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसके क्रम में साइबर क्राइम पुलिस तथा थाना तिन्दवारी पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्य करते हुए सभी के पीड़ितों की सम्पूर्ण राशि 10 लाख 69 हजार 250 रुपये बरामद कराई गई। सभी ने साइबर ठगी/गलत ट्रांजेक्शन की राशि वापस कराने के लिए पुलिस टीम का हृदय से धन्यवाद दिया।

**वापस करायी गई कुल धनराशि-**

- 08 पीड़ितो के कुल 10 लाख 69 हजार 250 रुपये।

**टीम का विवरण-**

1. श्री राजेश चन्द्र मिश्रा प्र0नि0 साइबर क्राइम पुलिस थाना
2. म0उ0नि0 रोशनी सेंगर चौकी प्रभारी कुरसेजा
3. उ0नि0 श्री आकाश शुक्ला साइबर क्राइम पुलिस थाना
4. कां0 अंकित सिंह साइबर क्राइम पुलिस थाना
5. कां0 अंकित सिंह साइबर क्राइम पुलिस थाना
6. कां0 राजन दुबे थाना तिंदवारी
7. म0कां0 ज्योति उपाध्याय साइबर क्राइम पुलिस थाना